तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



10 देवी भक्ति में डूबा रायपुर सेंट्रल जेल, पौने आठ सौ बंदी कर...





11 दक्षिण के दंगल में दुर्ग और राजनांदगांव के नेताओं की एंट्री





B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


# चंदनु थाने में गिनती के स्टाफ, वाहन की भी कमी, गश्त के लिए बाइक का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय सम्बद्ध पुलिस थाना चन्दनु में इन दिनों वाहन एवं पर्याप्त बल को लेकर समस्या सामने आ रही है। ज़िले के सबसे नवीन थाने को अभी तक पुलिसिंग व्यवस्था के क्रियान्वयन एवं परिपालन के लिए एक जरूरी शासकीय वाहन की भी सुविधा नहीं मिल पाई है। वहीं इस थाने में प्रशासनिक सेटअप के उलट केवल गिनती के ही सिपाही व हवलदार की तैनाती है, जो थाना क्षेत्र में पुलिस की क़ानून व्यवस्था एवं अपराध पर अंकुश लगाने में बड़ी बाधा साबित हो रही है। जबकि देखा जाए तो वर्तमान से 02 वर्ष पूर्व चन्दनु चौकी को पदोन्नत कर थाना का दर्जा प्रदान किया गया। इसके बावजूद अब सालभर की अवधि गुजर जाने के बाद भी इस नवीन थाने में सीमित संसाधन व सुविधाएं ही उपलब्ध हैं। इससे स्थानीय पुलिसकर्मियों को काफी परेशानी होती है। वहीं, ग्रामीणों के लिए चर्चे का विषय बन गया है।

उल्लेखनीय है कि चन्दनु थाना अंतर्गत इलाके के करीब 50 से 55 गाँव आते हैं, जिसमें दूरस्थ गाँव का थाना मुख्यालय से फासला 15 किलोमीटर तक पड़ता है। इसमें कटई, पौसरी एवं नवागांव सहित अन्य कई ग्राम चारों दिशा में पड़ते हैं। जबकि पुलिस को रात्रि गस्त के दौरान स्वयं की दोपहिया वाहन से ही काम चलाना पड़ता है। ▶▶ शेष पेज 11 पर

## संसाधनों की कमी से जूझ रहा थाने का महकमा




### 2022 में चौकी से उन्नत कर बनाया गया था थाना

जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना चन्दनु को वर्ष 2022 में चौकी से प्रमोट कर थाना बनाया गया था, जिसकी डीएसपी कार्यालय द्वारा मॉनिटरिंग की जाती है। यहां पर फिलहाल थाने के हिसाब से 01 निरीक्षक, 01 उपनिरीक्षक, 03 प्रधान आरक्षक, 01 महिला आरक्षिका एवं 08 आरक्षक की तैनाती बताई गई है। लेकिन, वर्तमान में मात्र एक सब इंस्पेक्टर, 01 हवलदार व 04 सिपाही के भरोसे थाने का कामकाज किया जा रहा है, जो स्थानीय स्टॉफ के लिए काफी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। वहीं, पुलिस बल की कमी का मामला मारो चौकी सहित जिलेभर के अन्य थाना-चौकी में भी है, किन्तु शासन प्रशासन द्वारा न इस सम्बंध में जरा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस सम्बंध में विभाग से जुड़े अन्य लोगों का कहना है कि दशकों से जलि में पुलिस बल की भर्ती नहीं हुई है, जिससे जलि को अब पर्याप्त पुलिसकर्मियों की कमी लगातार समस्या बनी है।

## नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है। आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

## आश्वासन : मजगांव में श्री राम मंदिर की भूमि की खरीदी-बिक्री का मामला

# व्यक्ति विशेष के लिए पार्टी को कटघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

### सांसद ने कहा- मामले की प्रशासन द्वारा की जा रही जांच, दोषियों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई

ग्राम मझगांव में श्री राम मंदिर की भूमि की कथित रूप से अवैध रूप से खरीदी-बिक्री के मामले में जिला प्रशासन ने जहां दो पटवारी को निलंबित कर जांच की जा रही है। मामला उजगार होने के बाद जिले में राजनीति भी तेज हो गई है। वहीं, प्रशासन से रजिस्ट्री शून्य कर दोषी व्यक्तियों पर अपराध दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। इस बीच दुर्ग लोकसभा सांसद ने भी इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

बुधवार देर शाम नवरात्रि पर्व पर देवी दर्शन करने पहुंचे दुर्ग सांसद विजय बघेल ने इस मामले में स्पष्ट रूप से कहा कि इस संबंध में मुझे जानकारी मिली है कि श्री राम मंदिर की भूमि की खरीदी-बिक्री नियमों को ताक पर रखकर की गई है। श्री बघेल ने कहा कि प्रशासन इस संबंध में जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी दोषी पाए जाएंगे, प्रशासन उन पर कार्रवाई करने के लिए जहां स्वतंत्र है और कार्रवाई की जाएगी। खरीदी-बिक्री में भाजपा नेताओं के जुड़े होने की बात पर सांसद श्री बघेल ने स्पष्ट रूप से कहा कि इस मामले में पार्टी कहीं भी दोषी नहीं है। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति विशेष के लिए पार्टी को कटघरे में खड़ा नहीं किया जा सकता। इस दौरान सांसद श्री बघेल के साथ साजा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, शहर के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, भाजपा नेता सुरेश पटेल, विकास तंबोली सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



कार्रवाई : मामले की कलेक्टर से शिकायत के बाद एसडीएम ने किया निलंबित

श्रीराम मंदिर की जमीन अवैध तरीके से बेच दी गई, जांच में फंसे 2 पटवारी, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

मामले को लेकर कांग्रेस ने आज बुलाई प्रेस कांफ्रेंस

राम मंदिर को दान में मिली है कृषि जमीन

भूमि किसान को बेचने की तैयारी

### भुगतान को लेकर भी शक

इस खरीदी बिक्री के मामले में चौंकाने वाला तथ्य भी सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि प्रभा माहेश्वरी द्वारा मार्च 2020 में जमीन की रजिस्ट्री कराई गई, तब चेक क्रमांक 944056 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के माध्यम से 11 लाख 62 हजार 500 का भुगतान का उल्लेख पंजीयन दस्तावेज में किया गया है। वहीं, सूत्रों की मानें तो उक्त चेक भुगतान के लिए बैंक तक पहुंचा ही नहीं, इस बात का आरोप बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भी लगाया है। यदि ऐसा होता है, तो निश्चित रूप से इस जमीन खरीदी-बिक्री के मामले में एक बड़े फर्जीवाड़ा का खुलासा हो सकता है। इससे इस बात की पुष्टि भी हो सकती है कि पूरे खरीदी-बिक्री के मामले में बिना भुगतान किए ही जमीन का पंजीयन अपने नाम पर करा लिया गया। बहरहाल मामले में प्रशासन ने दो पटवारियों को निलंबित कर दिया है, वहीं तहसीलदार की भूमिका पर सवाल उठाया जा रहा है। इसके साथ ही सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र के लोग सामने आकर इस मामले एफआईआर दर्ज करने की आवाज उठा रहे हैं।

# धारदार हथियार से वार कर कोटवार की हत्या

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

▪ थानखम्हरिया थाना क्षेत्र के ग्राम बेलतरा की घटना

थाना क्षेत्र के समीपस्थ ग्राम बेलतरा में बुधवार रात अज्ञात लोगों ने फार्म हाऊस में धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार कर ग्राम कोटवार की निर्मम हत्या कर दी। घटनास्थल से मृतक का मोबाईल व वारदात में प्रयुक्त हथियार पुलिस अभी तक बरामद नहीं कर पाई है। घटना को लेकर गांव में तनाव का माहौल है। सुबह 8 बजे तक मृतक के सभी रिश्तेदार बेलतरा पहुँच चुके थे।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची थान खम्हरिया पुलिस को घटना स्थल पर शराब भरे डिस्पोजल गिलास व बीड़ी-माचिस के अलावा कुछ भी हाथ नहीं लगा। पुलिस पुरानी रंजिश के मामले को लेकर तफतीश कर रही है। घटना को प्रथम दृष्ट्या कुछ दिन पूर्व घटित एक मामले से जोड़कर देखा जा रहा है। थाना प्रभारी दिनभर घटना स्थल बेलतरा में डटे रहे और कुछ ग्रामीणों व संदिग्धों से गहन पूछताछ में जुटे रहे। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात आरोपी के ▶▶ शेष पेज 11 पर



### ग्रामीणों व संदिग्धों से की जा रही पूछताछ

अनुमान लगाया जा रहा है कि घटना को अंजाम देने वाले एक से अधिक लोग शामल हो सकते हैं। पुलिस ने सुबह दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव का पंचनामा कर विवेचना में लिया। घटना को लेकर डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक जांच दल ग्राम बेलतरा पहुँच कर हत्या के कारणों व आरोपियों की निशानदेही में जुट गई। पुलिस प्रारंभिक ▶▶ शेष पेज 11 पर

### की जा रही जांच

हत्या के मामले को लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर विवेचना की जा रही है। ग्रामीणों के बयान भी दर्ज किये जा रहे हैं। निर्मम हत्या के आरोपी जल्द ही पकड़े जाएंगे।

- **राजकुमार साहू**, थाना प्रभारी, थान खम्हरिया।

## कंडरका स्कूल की शिक्षिका व छात्रा राज्यस्तरीय प्रदर्शनी के लिए चयनित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

जोन स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी 2024-25 का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपात्री कवर्धा में किया गया। प्रदर्शनी में कवर्धा, बेमेतरा, मुगेली जिले के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका विकासखण्ड बेरला जिला बेमेतरा से गीतांजली साहू जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर सहभागी रही एवं जोन स्तरीय प्रतियोगिता में भावना साहू कक्षा 11वीं ने विज्ञान क्लब में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शिक्षकों की श्रेणी में उनकी मार्गदर्शक शिक्षिका पुष्पा नायक ने सहायक शिक्षण सामग्री में स्थान प्राप्त कर स्टेट लेवेल के लिए चयनित हुईं। संकुल, शाला समिति एवं संस्था के प्राचार्य राजेंद्र झा तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्रा एवं शिक्षिका को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## देवकर में दशहरा को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवकर

नगर पंचायत देवकर में हर साल की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जा रही है। इसी तरह दशहरा पर्व को भी धूमधाम से मनाया जाएगा।

दशहरा पर्व को देखते हुए इसी मद्देनजर देवकर पुलिस ने चौकी प्रभारी द्वारिका प्रसाद धृतलहरे मौजूदगी में नगर के प्रमुख नागरिकों की बैठक रखी गई। इस दौरान हर वर्ष की तरह पर्व उत्साह के साथ शांति व्यवस्था के तहत मनाए जाने पर सहमति जताई। साथ क्षेत्रवासियों से शांति व्यवस्था बनाए रखने का अनुरोध किया गया। बैठक में आयोजनकर्ता, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद सहित प्रमुख नागरिक मौजूद रहे।




## मारपीट की धमकी देने का आरोप, दो गिरफ्तार

### नवागांव कला में दो गुटों में चल रहा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खम्हरिया



समीपस्थ ग्राम नवागांव कला में जमीन विवाद का मामला खूनी संघर्ष के बाद भी सुलझ नहीं पा रहा है। दोनों गुट से चार लोगों की गिरफ्तारी के बाद पुनः 09 जुलाई की घटना पर प्रार्थी रामकिशोर साहू उम्र 38 साल साकिन नवागांवकला थान खम्हरिया की रिपोर्ट पर कलेक्टोरेट में आवेदन लगाने की बात पर हत्या करने की नीयत से राजू सिंह एवं अन्य आरोपियों द्वारा एक राय होकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते मारपीट कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस पर अपराध बीएनएस की धारा 296, 351(3) ,115(2), 191(2),190,109 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले में थाना प्रभारी खम्हरिया उप निरीक्षक राजकुमार साहू एवं थाना स्टॉफ को आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है।

उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी मन्नुलाल वर्मा पिता बाबुलाल वर्मा उम्र 47 साल, तथा राजू ऊर्फ गजेन्द्र पिता रामकुमार परिहार उम्र 52 साल दोनों साकिन नवागांव कला थाना खम्हरिया के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार 8 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र तिवारी, आरक्षक सुशील यादव, जगतारण नारंग, गौकरण मंडावी, बलदेव निषाद एवं अन्य स्टाफ का अहम भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### मां महामाया मंदिर हसदा में महाष्टमी पर हवन आज



**बेरला।** शारदीय नवरात्रि महापर्व में आज महाष्टमी के पावन पर्व में हवन पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। हवन के बाद महाभोग भंडारा का कार्यक्रम रखा गया है। मां के आंचल में प्रतिदिन जस भजन मंडली की प्रस्तुति हो रही है। वहीं, दूर-दूर से भक्त मां के सभी स्वरूपों का दर्शन कर आशीर्वाद ले रहे हैं। समिति के अध्यक्ष भगवती परगनिहा ने बताया कि यहां 134 ज्योति प्रज्वलित की गई है।

### थानखम्हरिया में श्रीमद् भागवत कथा आज से



**थान खम्हरिया।** रामलोचन सिह, बिंदा बाई, गंगा बाई तथा रविशचंद की स्मृति में अधिवक्ता हरिशरण क्षत्रीय के परिजनों द्वारा जमात मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की शुरुआत आज कलश यात्रा के साथ होगी। कथावाचक श्रीराधे निकुंज आश्रम जंजगिरी (भिलाई) के परम पूज्य श्री नारायण महाराज होंगे। वे 11 से 28 अक्टूबर तक दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक कथा सुनाएंगे। आज कलश यात्रा में नगर भ्रमण के बाद कथा स्थल पर घट स्थापना की जाएगी। उसके बाद कथा शुरू की जाएगी।

## मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर को किया जाना है

# त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव के लिए तैयार हो रही मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 'जागव बोटर' (जाबो) कार्यक्रम के तहत जिले में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन हेतु मतदाता सूची तैयार करने के कार्यक्रम एवं आयोग के निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ज्ञात हो कि नगरीय निकायों के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 16 अक्टूबर 2024 को एवं पंचायतों के मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 24 अक्टूबर 2024 को किया जाना है।

आयोग द्वारा जिले के नगर पंचायत बेरला, कुसमी, भिंभौरी, दाढी, नवागढ़, साजा, थानखम्हरिया, देवकर, परपोडी एवं ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग के प्रावधान के अनुसार विधानसभा की मतदाता सूची में 01 जनवरी 2024 की स्थिति में दर्ज 18 वर्ष एवं अधिक आयु के मतदाता पंचायत एवं नगरीय निकाय की नामावली में नाम दर्ज कराने के लिए पात्र होंगे। विधानसभा की 08 फरवरी 2024 को प्रकाशित मतदाता सूची के आधार पर पंचायत एवं निकाय की प्रारंभिक मतदाता सूची वार्डवार विभाजित कर तैयार की गई है। अत 08 फरवरी 2024 के उपरांत विधानसभा की नामावली में नाम दर्ज कराने वाले ऐसे मतदाता जिनके आयु 01 जनवरी 2024 की स्थिति में 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के है उन्हे निकाय/पंचायत की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए मतदाता पहचान पत्र के साथ निर्धारित फार्म भरकर फोटोसहित प्राधिकृत कर्मचारी के पास जमा करना होगा। इस संबंध मतदाताओं को जानकारी देने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। नगरीय क्षेत्रों में लाउडस्पीकर द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कोटवारों के द्वारा मुनादी करायी जा रही है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने के लिए न छूटे।




## गुंडरदेही के पुराना स्कूल मैदान में होगा रावण वध कार्यक्रम

**गुण्डरदेही।** नगर में 12 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर राज दशहरा उत्सव समिति द्वारा भव्य दशहरा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समिति से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम पुराना स्कूल मैदान समय 6 बजे रामलीला के साथ प्रारंभ होगा, जिसके बाद रावण वध किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। समिति के संरक्षक एवं पूर्व जिला भाजपा महामंत्री प्रमोद जैन ने बताया कि 12 अक्टूबर को आयोजित दशहरा उत्सव के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के दामाद तिमिरेंदू शेखर कंवर होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला भाजपा बालोद पवन साहू करेंगे।


पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

